# वार्षिक प्रतिवेदन 2020-2021

**महाविद्यालय इतिहास** शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय, खरखौदा के भवन का शिलान्यास तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कर कमलों द्वारा, श्रीमती गीता भुक्कल तत्कालीन शिक्षा मंत्री, हरियाणा की अध्यक्षता एवं श्री दीपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद लोक सभा रोहतक, श्री जितेंद्र मलिक सांसद, लोकसभा सोनीपत, श्री राव दान सिंह, तत्कालीन मुख्य संसदीय सचिव, शिक्षा विभाग हरियाणा व श्री जयवीर सिंह तत्कालीन मुख्य संसदीय सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, हरियाणा की गरिमामयी उपस्थिति में दिनांक 3 फरवरी, 2013 रविवार को संपन्न हुआ।

## भवन निर्माण

उन्नतशील शिक्षा समिति खरखोदा की देखरेख में महाविद्यालय की दो मंजिला भवन का भव्य निर्माण करवाया गया। इस भवन में प्राचार्य कार्यालय, स्टाफ रूम, कार्यालय, दो लघु सेमिनार कक्ष, शिक्षण कक्ष, महिला प्रकोष्ठ कक्ष, विशाल बहुउद्देशीय कक्ष, पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब, भाषा लैब, दो भूगोल लैब, दो मनोविज्ञान लैब, एक रक्षा अध्ययन लैब, एक स्मार्ट कक्ष, व छात्र-छात्राओं के कॉमन रूम सहित कुल 22 कमरे हैं।

## महाविद्यालय परिवार

हमारे महाविद्यालय में 18 प्राध्यापक नियमित एवं तीन एक्सटेंशन लेक्चरर कार्यरत है। महाविद्यालय में 2 लिपिक एक लैब अटेंडेंट, एक सुख सहायक, दो सफाई कर्मचारी, दो माली, दो चौकीदार, एक रेस्टोरर अनुबंध पर कार्य कर रहे हैं। इसी प्रकार महाविद्यालय की कंप्यूटर लैब के लिए एक कंप्यूटर अनुदेशक व एक लैब अटेंडेंट अनुबंध पर नियुक्त है।

## विद्यार्थी संख्या एवं संकाय

इस सत्र में विद्यार्थियों की कुल संख्या 488 है। इनमें से 181 विद्यार्थी कला संकाय पास कोर्स प्रथम वर्ष, 187 विद्यार्थी बी.ए. द्वितीय वर्ष व 93 विद्यार्थी बी.ए. तृतीय वर्ष तथा 8 विद्यार्थी वाणिज्य संकाय बीकॉम प्रथम वर्ष, 8 विद्यार्थी बीकॉम द्वितीय वर्ष व 15 विद्यार्थी बीकॉम तृतीय वर्ष में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

**वार्षिक परीक्षा देने वाले अंतिम वर्ष के छात्रों की संख्या कोर्स अनुसार - बी.ए. तृतीय वर्ष - 93 व बी.कॉम. तृतीय वर्ष - 15 .**

## विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता एवं छात्रवृत्ति

उत्तर शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा समय पर राष्ट्रीय राज्य स्तरीय योग्यता पिछड़े वर्ग अनुसूचित जाति से संबंधित विकलांग तथा छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। विशेष उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति तथा बीपीएल (गरीबी रेखा के नीचे) तीनों वर्गों से संबंधित विद्यार्थियों के लिए कंसोलिडेटेड स्टीपेंड स्कीम घोषित की गई है।
उपरोक्त योजनाओं के अंतर्गत इस वर्ष महाविद्यालय के अनुसूचित जाति से संबंधित विद्यार्थियों को 2000 रूपये प्रति छात्र पुस्तकों के लिए तथा 1000 रूपये प्रति माह के हिसाब से प्रति छात्र को स्टीपेंड फ़ंड की एक वर्ष की राशि वितरित की जा रही है।
पिछड़ी जाति के विद्यार्थियों को सरकार की तरफ से आधार नंबर के माध्यम से ऑनलाइन प्रणाली के द्वारा छात्रवृत्ति वितरित की जा रही है।
छात्राएं अंडर ग्रेजुएट मेरिट छात्रवृत्ति के अंतर्गत हरियाणा सरकार से प्राप्त राशि - 12वीं कक्षा में टॉपर महाविद्यालय में प्रथम वर्ष में प्रवेश प्राप्त सात छात्राओं को प्रति छात्रा 3000 रूपये छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

मेरिट प्रोत्साहन छात्रवृत्ति स्कीम के अंतर्गत हरियाणा सरकार से प्राप्त हुई राशि को बी.ए., बीकॉम तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय परीक्षा में महाविद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर क्रमश: 5000, 3000, व 2000 रूपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

EARN WHILE YOU LEARN के अंतर्गत इस वर्ष 12 विद्यार्थियों को महाविद्यालय के पुस्तकालय, कार्यालय, भूगोल लैब, मनोविज्ञान लैब, रक्षा अध्ययन व कंप्यूटर लैब में कार्य करने के लिए सरकार के आदेशों के अनुरूप प्रति घंटा सौ रूपये प्रदान किए गए।

## महिला प्रकोष्ठ

शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखोदा के महिला प्रकोष्ठ ने 30 घंटे का वैल्यू ऐडेड कोर्स आयोजित कराया जिसमें छात्राओं को वस्त्र निर्माण और डिजाइन डिटेलिंग के बारे में विस्तार पूर्वक सिखाया गया इस कार्यक्रम को 8 जनवरी 2021 से 19 जनवरी 2021 तक प्रतिदिन 1 घंटे की अवधि में व 21 जनवरी 2021 से 3 फरवरी 2021 तक प्रतिदिन 2 घंटे की अवधि में कराया गया।

महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ द्वारा पांच दिवसीय पाक कला कोर्स का आयोजन 10 -15 फरवरी के बीच कराया गया।

5 फरवरी, 2021 को महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ द्वारा एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन कराया गया। विस्तार व्याख्यान का विषय वेल बीइंग एंड हैप्पीनेस अमंग फीमेल स्टूडेंट रहा। यह विस्तार व्याख्यान डॉ अरुणा अंचल डीन एंड हेड एजुकेशन डीएमयू द्वारा दिया गया।
9 फरवरी, 2021 को महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ द्वारा एक विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया जिसमें श्री सुनील जागलान फाउंडर ऑफ सेल्फी विथ डॉटर कंप्लेन ने वुमन एंपावरमेंट और जेंडर सेन्सीटाइजेशन विषय पर व्याख्यान दिया।

## वाईआरसी एंड करियर काउंसलिंग सेल

7 अप्रैल, 2021 को वाईआरसी और आरआरसी ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वस्थ विश्व और सुरक्षित विश्व विषय पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
8 फरवरी, 2021 को वाईआरसी और आरआरसी ने कोविड-19 को फैलने से रोकने के लिए कोरोना जागरूकता विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कराया।
8 मई, 2021 को वाईआरसी और आरआरसी ने विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर कोविड-19 क्वारंटाइन एंड सोशल डिस्टेंसिंग विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कराया।

## करियर काउंसलिंग सेल

शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखोदा के करियर काउंसलिंग सेल ने जीआईएस एप्लीकेशन एंड करियर अपॉर्चुनिटी इन कोलैबोरेशन विद एन आई जी एम टी फाउंडेशन, नई दिल्ली के साथ मिलकर क्षेत्र विशेष में रोजगार की संभावनाओं को तलाशते हुए एक दिवसीय वेबीनार का आयोजन किया।

## आर.टी.आई

महाविद्यालय में आरटीआई एक्ट 2005 के तहत जानकारी उपलब्ध कराने के लिए श्रीमती किरण सरोहा सूचना अधिकारी एवं श्री संदीप सूचना क्लर्क के पद पर कार्यरत हैं। प्रथम अपीलीय अधिकारी प्राचार्य श्रीमती किरन सरोहा है।

## लीगल लिटरेसी सेल

शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय, खरखोदा के लीगल लिटरेसी सेल द्वारा 29 जुलाई, 2021 को सामाजिक समस्याओं को लेकर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।

## प्लेसमेंट सेल

शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखोदा की प्लेसमेंट सेल प्रभारी डॉ मनदीप ने 1 जनवरी, 2021 को डी जी एच ई द्वारा आयोजित तकनीकी सत्र में भाग लिया।

## पुस्तकालय

पुस्तकालय विद्यार्थी तथा शिक्षकों के ज्ञानार्जन व आत्मविश्वास का सर्वोत्तम स्थान है। इसके महत्व एवं आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय में हर प्रकार की सुविधा से युक्त एक आधुनिक पुस्तकालय भवन है। जिसमें एक समय में लगभग 50 विद्यार्थियों के बैठने की सुविधा उपलब्ध है। यहाँ विभिन्न विषयों से संबंधित लगभग 2660 पुस्तकें हैं। आधुनिक युग प्रतियोगिता एवं प्रतिस्पर्धा का युग है। इस ध्येय को सामने रखते हुए समसामयिक घटनाओं की जानकारी व सामान्य ज्ञान में वृद्धि के लिए पुस्तकालय में अंग्रेजी व हिंदी में 9 समाचारपत्र तथा 8 पत्रिकाएं मंगवाई जाती है।

## कंप्यूटर शिक्षा

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार महाविद्यालय में एक कंप्यूटर लैब व एक लैंग्वेज लैब स्थापित है। कंप्यूटर लैब में 10 तथा लैंग्वेज लैब में 26 कंप्यूटर है। लैंग्वेज लैब में इंटरनेट सुविधा है। एमडीयू के तहत महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को शिक्षा दी जा रही है। श्री राजेश कुमार कंप्यूटर शिक्षक के पद पर कार्यरत है। इस शिक्षा के लिए विद्यार्थियों को थ्योरी व प्रैक्टिकल देना अनिवार्य है। जिसके उपरांत A+ से D तक ग्रेडिंग भी जाती है। हमारे पास एक लैब में प्रोजेक्टर की सुविधा उपलब्ध है।

## विभागीय गतिविधियां

## वाणिज्य विभाग

महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा 15 फरवरी, 2021 को एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण जैस इंडस्ट्रीज लिमिटेड में किया गया।
महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा आत्मनिर्भर भारत विषय पर 23 फरवरी, 2021 को निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।
महाविद्यालय की प्रथम वर्ष की छात्रा अंजलि ने राज्यस्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार और प्रथम वर्ष की छात्रा निधि ने कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन प्रतियोगिताओं का आयोजन राजकीय महिला महाविद्यालय मुरथल द्वारा किया गया।
7 अगस्त, 2021 को वाणिज्य विभाग द्वारा अंतर कक्षा वाणिज्य ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।

## अर्थशास्त्र विभाग

विभाग में 19 फरवरी, 2021 को कृषि बिल 2020 विषय को लेकर वाद विवाद प्रतियोगिता कराई गई।
विभाग में 8 फरवरी, 2021 को कोविड-19 के भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव विषय पर सामूहिक चर्चा का आयोजन किया गया।

## मनोविज्ञान विभाग

महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा विश्व मेंटल हेल्थ दिवस के अवसर पर 10 अक्टूबर, 2020 को एक ऑनलाइन विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें श्रीमती लिसा ने अपने व्याख्यान के माध्यम से छात्र-छात्राओं का ज्ञान वर्धन किया।

10 सितंबर, 2020 को वर्ल्ड सुसाइड डे के अवसर पर मनोविज्ञान विभाग द्वारा एक ऑनलाइन स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

10 फरवरी, 2021 को मनोविज्ञान विभाग द्वारा एक अंतविषय प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया, जिसमें विभिन्न छात्रों ने भिन्न-भिन्न विषयों के संबंध में अपने विचार प्रस्तुत किए।

## गणित विभाग

24 फरवरी, 2021 को महाविद्यालय के गणित विभाग द्वारा मानसिक योग्यता परीक्षण कराया गया।

## राजनीति विज्ञान विभाग

महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग ने 25 फरवरी, 2021 को जीवन में 'शिक्षा का महत्व' विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कराया।

## हिंदी विभाग

14 सितंबर, 2020 को हिंदी दिवस के उपलक्ष में अंतर महाविद्यालय ऑनलाइन निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में निबंध का विषय – 'राष्ट्र विकास में हिंदी भाषा की भूमिका' व 'राष्ट्रीय एकता और हिंदी भाषा' रहा। शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखोदा में अंतरराष्ट्रीय हिंदी दिवस (10 जनवरी, 2021) के उपलक्ष में हिंदी विभाग द्वारा ऑनलाइन काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।
हिंदी विभाग द्वारा 12 जुलाई, 2021 को एक राज्यस्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।

## व्यक्तिगत उपलब्धियां

**वाणिज्य विभाग**

**श्रीमती किरण चौहान सहायक प्राध्यापिका, वाणिज्य विभाग** ने सत्र 2020 21 में सेल्फ स्टडी रिपोर्ट नामक राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया जोकि वाणिज्य विषय से संबंधित थी।

**श्रीमती प्रियंका राजौरा सहायक प्राध्यापिका, वाणिज्य विभाग** ने 14 अगस्त, 2020 को महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय, रोहतक के वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार में भाग लिया, जिसका विषय रिवाइवल ऑफ़ इंडियन इकॉनमी पोस्ट कोविड-19 रहा।
**श्रीमती रवीना सहायक प्राध्यापिका, अर्थशास्त्र विभाग** के कंप्यूटर विज्ञान और प्रबंध अध्ययन के क्षेत्र में 2 शोध पत्र अंतरराष्ट्रीय पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं जिनमें से प्रथम 303 2021 को केस स्टडी ऑन फंक्शंस एंड परफॉर्मेंस ऑफ़ म्युनिसिपल कॉरपोरेशन इन इंडिया मार्च 2021 वॉल्यूम नंबर 9 दूसरा ए स्टडी ऑफ़ म्युनिसिपल फाइनेंस इन इंडिया एक्सप्लोरिंग इनकम एंड एक्सपेंडिचर ऑफ द म्युनिसिपल कॉरपोरेशन।
आपने ओरियंटेशन प्रोग्राम में 11 जनवरी 2021 से 9 फरवरी 2021 तक भाग लिया।
**श्रीमती गीता शर्मा सहायक प्राध्यापिका, मनोविज्ञान विभाग**

आपने 26 अगस्त, 2020 को सीडो कानहा मुर्मू यूनिवर्सिटी दुमका, झारखंड द्वारा आयोजित एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय वेबीनार में प्रतिभागिता की जिसका विषय कोविड-19 साइक्लोजिकल सपोर्ट टू स्टूडेंट्स फॉर मेंटल हेल्थ एंड इमोशनल वेल बीइंग रहा।
आपने 23 जुलाई, 2020 को इंडियन एकेडमी ऑफ़ अप्लाइड साइकोलॉजी द्वारा आयोजित एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय वेबीनार में भाग लिया जिसका विषय बिल्डिंग एंड मेंटेनिंग इंटरपर्सनल रिलेशनशिप रहा।
आपको 8 मार्च, 2021 को विश्व महिला दिवस के अवसर पर खेल और युवा विभाग सोनीपत और नेहरू यूथ सेंटर सोनीपत ने शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखोदा में सम्मानित किया।
आपने 27-28 मार्च, 2021 को दो दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार में प्रतिभागिता की, जिसका आयोजन बीएलजेएस कॉलेज तोशाम भिवानी में इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। वेबीनार का विषय साइकोलॉजिकल पर्सपेक्टिव इन साइकोलॉजिकल वेल बीइंग रहा।

**श्री प्रदीप कुमार सहायक प्राध्यापक, हिन्दी**
आपने एमफिल पाठ्यक्रम में शोध प्रबंध के रूप में 'नागरी सभ्यता कहानी संग्रह में चित्रित सामाजिक समस्याएं' विषय पर अपना लघु शोध प्रबंध लिखा।

अपने 10-11 जुलाई, 2020 को ई-कंटेंट डेवलपमेंट को लेकर सनातन धर्म कॉलेज अंबाला द्वारा आयोजित दो दिवसीय एफ डी पी प्रोग्राम में भाग लिया।

आपने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा 7-11 जून, 2021 की अवधि में आयोजित पांच दिवसीय 'लाइफ स्किल्स फॉर ब्लीसफुल लाइफ' एफडीपी पूर्ण की।

आपने 14 से 18 जून, 2021 की अवधि में पांच दिवसीय एफडीपी प्रोग्राम पूर्ण किया, जिसका विषय 'स्कोप ऑफ रिसर्च इन हिंदी वैरीयस फील्ड्स' बाय गुरु नानक कॉलेज।

आपने हिंदी विभाग, मिजोरम विश्वविद्यालय, आइजोल द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार में भाग लिया जिसका विषय साहित्य इतिहास की अध्ययन प्रक्रिया था।
आपने राजकीय महाविद्यालय, बावड़ी, जोधपुर, राजस्थान एवं जांभाणी साहित्य अकादमी बीकानेर द्वारा आयोजित एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय वेबीनार में भाग लिया जिसका आयोजन 21 अप्रैल, 2021 को किया गया। वेबीनार का विषय 'मध्यकालीन राम काव्य को जांभाणी साहित्यकारों की देन' रहा।

आपने एक सितंबर 2020 को दिगंबर राव बिंदु कला वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय भोकर हिंदी विभाग तथा संचार पत्रिका न्यू दिल्ली द्वारा आयोजित एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय वेबीनार में भाग लिया जिसका विषय 'गजलकार दुष्यंत कुमार वर्तमान परिप्रेक्ष्य में' रहा।

**श्रीमती रेखा सहायक प्राध्यापिका मनोविज्ञान विभाग**

आपने रामानुजन महाविद्यालय द्वारा आयोजित ओरियंटेशन कोर्स किया।
आपने सनातन धर्म कॉलेज अंबाला द्वारा आयोजित दो दिवसीय ऑनलाइन एफडीपी प्रोग्राम में भाग लिया।
आपने ग्रेसियस कॉलेज रायपुर द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ई सेमिनार में भाग लिया।

आपने एम ए कॉलेज के अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार में भाग लिया।

आपने फोर्टिस हेल्थकेयर लिमिटेड द्वारा आयोजित कार्यशाला में भी भाग लिया।
आपने इंडियन मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन के अंतर्गत पैनल डिस्कशन महिलाओं के मन की चौपाल विषय पर आयोजित चर्चा में भाग लिया।

आपने एन आई जी एमटी फाउंडेशन द्वारा आयोजित वेबीनार में भाग लिया।

आपने शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित साप्ताहिक कार्यशाला में व्यक्तिगत विकास विषय पर विस्तार व्याख्यान दिया।

**श्रीमती रजनीश सहायक प्राध्यापिका अंग्रेजी विभाग**

आपने हैदराबाद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित रिफ्रेशर कोर्स में भाग लिया और सफलतापूर्वक पूर्ण किया।
आपने शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखोदा में आयोजित साप्ताहिक कार्यशाला में दो विस्तार व्याख्यान दिए।

**श्रीमती नमिता रानी सहायक प्राध्यापिका अंग्रेजी विभाग**

आपने शहीद दलवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखोदा में 10 फरवरी 2021 और 13 फरवरी 2021 को क्रमशः पठन कौशल विकास और संचार लेखन विषय पर साप्ताहिक कार्यशाला में विस्तार व्याख्यान दिए।

**डॉ मनदीप कुमारी सहायक प्राध्यापिका गणित**

आपने सनातन धर्म महाविद्यालय, अंबाला द्वारा आयोजित दो दिवसीय ऑनलाइन एफ डी पी प्रोग्राम में भाग लिया।
आपने यूजीसी एचआरडीसी महिला विश्वविद्यालय खानपुर से 2 सप्ताह का ऑनलाइन रिफ्रेशर कोर्स किया।
महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में शोध पत्र प्रस्तुत किया।
आपको रोल मॉडल के रूप में राजकीय वरिष्ठ बाल व बालिका विद्यालय में आमंत्रित किया गया जहां आपने विद्यार्थियों को संबोधित किया।
आपने राजकीय महाविद्यालय पी.जी कॉलेज, मालदेवता रायपुर, उत्तराखंड द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय वेबीनार में भाग लिया।
आपने आर के एस डी कॉलेज कैथल के आइक्यूएसी सेल द्वारा आयोजित एफ डी पी में भाग लिया।
आपने एल एन हिंदू कॉलेज रोहतक के गणित विभाग द्वारा आयोजित ऑनलाइन राष्ट्रीय वेबीनार में भाग लिया।
आपने एच जी सी टी ए द्वारा आयोजित एन ई पी (NEP) 2020 के विषय पर आयोजित वेबीनार में भाग लिया. वेबीनार का विषय चैलेंज इज एसोसिएटेड विद एन ई पी (NEP) 2020 रहा।
अपने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के गणित विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय वेबीनार में भाग लिया।
आपने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के गणित विभाग द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय वेबीनार में भाग लिया जिसका विषय मैथमेटिकल मॉडल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड पांडेमिक रिस्पांसस रहा।
आपने राजकीय महाविद्यालय सतनाली महेंद्रगढ़ द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय कांफ्रेंस में भाग लिया।
आपने राजकीय महाविद्यालय सतनाली महेंद्रगढ़ द्वारा आयोजित पांच दिवसीय एफ डी पी में भी भाग लिया।

**श्री जगबीर सिंह** सहायक प्राध्यापक भूगोल
आपने 8-9 जुलाई, 2020 को सनातन धर्म महाविद्यालय अंबाला द्वारा आयोजित दो दिवसीय एफबीपी प्रयोग प्रोग्राम में भाग लिया जिसका विषय एक कंटेंट डेवलपमेंट था।
आपने 8 फरवरी, 2021 को वाईआरसी एंड आरआरसी द्वारा एक स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कराया।
7 अप्रैल, 2021 को वाईआरसी और आरआरसी द्वारा आयोजित ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में आप सह संयोजक रहे।
ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का विषय स्वस्थ विश्व-सुरक्षित विश्व था।
आपने 8 मई, 2021 को वाईआरसी और आरआरसी द्वारा विश्व रेडक्रॉस डे के अवसर पर covid-19 क्वारंटाइन एंड सोशल डिस्टेंसिंग विषय को लेकर ऑनलाइन निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कराया। जिसमें आप को-कन्वीनर रहे
18 फरवरी 2021 को अपने-अपने विभाग में भारत का भूगोल विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया।
28 सितंबर 2021 को वाईआरसी और आरआरसी द्वारा आयोजित एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में आप को-कन्वीनर रहे।
21 जुलाई, 2021 को आपने-अपने विभाग में एक ऑनलाइन वेबीनार का आयोजन कराया इसमें करियर काउंसलिंग सेल और एनआईबीएमटी फाउंडेशन दिल्ली सहयोगी रहे जिसका विषय जीआईएस एप्लीकेशन एंड करियर अपॉर्चुनिटी रहा।
14 जनवरी, 2021 को नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर के नोडल अफसर के रूप में आप ने पोस्टर मेकिंग कंपटीशन का आयोजन कराया।
**श्रीमती नीरा सहायक प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान**
1-30 सितंबर, 2020 तक आपने रामानुजन महाविद्यालय दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा कराए गए ओरियंटेशन प्रोग्राम में हिस्सा लिया व सफलतापूर्वक पूरा किया।

आपने 10 दिसंबर, 2020 को कन्या महाविद्यालय खरखोदा में अंतरराष्ट्रीय अधिकार दिवस के अवसर पर विस्तार व्याख्यान दिया।

12 फरवरी, 2021 को आपको रोल मॉडल 'मन की बात' प्रोग्राम में सरकारी मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल सोनीपत में मुख्य अतिथि के रुप में आमंत्रित किया गया।

आपने शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखोदा के इंग्लिश विभाग द्वारा आयोजित साप्ताहिक वर्कशॉप में 15 फरवरी, 2021 को प्रोफेशनल एंड मोरल एथिक्स विषय पर विस्तार व्याख्यान दिया।

**डॉ योगेंद्र सिंह, सहायक प्राध्यापक रक्षा अध्ययन विभाग**
आपने 7 -27 जनवरी 2021 के दौरान महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय से रिफ्रेशर कोर्स पूर्ण किया।

आपने 19 फरवरी, 2020 को जीडीसी मेमोरियल कॉलेज बहल, भिवानी में राष्ट्रीय सेमिनार में इंपैक्ट ऑफ अमेरिका ऑन इंडिया ईरान रिलेशंस इन ट्वेंटी फर्स्ट सेंचुरी विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

आपने मुंबई विश्वविद्यालय के सिविक और पॉलिटिक्स विभाग द्वारा 13-14 जुलाई, 2020 को आयोजित दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस में भाग लिया। कॉन्फ्रेंस का विषय इंडिया चाइना पजल एंड बियोंड रहा।

आपने '21वी शताब्दी में भारत ईरान संबंध पर अमेरिका का प्रभाव' नामक पाठ पब्लिश कराया जोकि डॉ सुरेंद्र मिश्र द्वारा संपादित पुस्तक 'भारतीय विदेश नीति के नए आयाम' में संकलित है।

## महाविद्यालय की आवश्यकताएं

किसी भी गतिशील संस्था के विकास के लिए आवश्यकताओं का होना स्वभाविक है। अतः महाविद्यालय की भी कुछ आवश्यकताएं हैं। जो निम्न प्रकार है –

1 विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए हमारे महाविद्यालय में आधारभूत आवश्यकताओं की कमी है।

2 विज्ञान की शिक्षा संपूर्ण शिक्षा का एक महत्वपूर्ण अंग है। महाविद्यालय में विज्ञान संकाय होने से आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों को या तो विज्ञान की शिक्षा प्राप्त करने के लिए बहुत दूर जाना पड़ता है या उससे वंचित रहना पड़ता है। हमारे महाविद्यालय में विज्ञान संकाय की आवश्यकता है ताकि आसपास के विद्यार्थियों को विज्ञान विषय में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का सुनहरा अवसर मिल सके।

3 मीडिया के बढ़ते हुए प्रभाव को ध्यान में रखते हुए बैचलर ऑफ जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन और पत्रकारिता के विभिन्न अंगों की शिक्षा को आरंभ करना भी महाविद्यालय की एक मुख्य आवश्यकता है।

4 स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय में खेल के मैदान की आवश्यकता है।

5 महाविद्यालय में पार्किंग की सुविधा की आवश्यकता है।

6 महाविद्यालय में विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों के लिए जलपान गृह की भी आवश्यकता है।

7 महाविद्यालय में विद्यार्थियों के आवागमन को सरल बनाने के लिए बस स्टॉप की आवश्यकता है।

अंत में निष्कर्ष के रूप में यह कहा जा सकता है कि शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय दिनोंदिन उच्च दिशा में प्रगति कर रहा है। महाविद्यालय प्राचार्य श्रीमती किरन सरोहा जी के कुशल निर्देशन में प्रगति पथ पर अग्रसर है। महाविद्यालय की प्रगति में महाविद्यालय परिवार (शिक्षण एवं गैर शिक्षण) स्टाफ सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आशा है कि महाविद्यालय के कर्मठ व सहयोगी स्टाफ सदस्यों के लगातार प्रयासों के फलस्वरूप महाविद्यालय भविष्य में भी इसी तरह प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगा।
धन्यवाद।

श्रीमती किरन सरोहा
प्राचार्य
एसडीएस राजकीय महाविद्यालय खरखोदा, सोनीपत